हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 20 साल बाद भी नहीं हुई रजपुरी कला से कटकोना सड़क की मरम्मत




## खबर संक्षेप

### पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 21 को

**बलरामपुर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि 21 दिसम्बर को विश्व पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत 21 दिसंबर को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो बूथ के माध्यम से तथा 22 एवं 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से आह्वान करते हुए कहा है कि वह अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

### सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 25 तक

**अम्बिकापुर**। भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत प्रशासनिक सुधार एवं सार्वजनिक शिकायत विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर का आयोजन 25 दिसम्बर की अवधि में किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शासन को जनोन्मुखी, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाते हुए आम नागरिकों तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करना है।

### नए छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पत्र

**अम्बिकापुर**। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शासकीय अशासकीय एवं विभिन्न संस्थानों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं ऐसे छात्र-छात्रा जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं किन्तु उनका नाम मतदाता सूची में अभी तक नहीं जुड़ पाया है। उन सभी छात्र-छात्राओं को चिन्हांकित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अवधि तक ऑफलाईन फार्म (06) एवं वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरवाया जाए। उन्होंने इस हेतु कार्यक्रम आयोजित कर एक दिवस पूर्व उक्त कार्यक्रम की सूचना स्वीप शाखा में प्रेषित करने तथा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार महाविद्यालयीन स्तर पर करने निर्देशित किया है।

### डीफ क्लेम सेटलमेंट शिविर 19 को

**बलरामपुर**। वित्तीय सेवा विभाग , भारत सरकार द्वारा देश व्यापी निर्देशों के तहत डीफ क्लेम्स एवं सेटेलमेंट को त्वरित एवं सुगम रूप से निपटाने हेतु एलडीएम सेल बलरामपुर द्वारा 19 दिसंबर 2025 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में विशेष डीफ क्लेम्स सेटेलमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है।शिविर अपनी पूंजी अपना अधिकार के थीम पर आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य डीफ फंड अंतर्गत आने वाले निष्क्रिय, अवशिष्ट खातो, अनक्लेम्ड जमा, लंबित क्लेम, तथा संबंधित दस्तावेजों का ऑन-स्पॉट निवारण करना, नागरिकों को डीफ क्लेम की प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं सरल रूप से मार्गदर्शन कराना, तथा डीएफएस द्वारा जारी देश-व्यापी अभियान के तहत क्लेम सेटलमेंट में तेजी लाना है। शिविर में बैंक शाखाओं एवं बैंक जार डीफ नोडल अधिकारियों की उपस्थिति होगी। जिससे लाभार्थियों के आवेदन/दस्तावेजों का तत्काल परीक्षण एवं समाधान किया जा सकेगा। साथ ही डीफ क्लेम से संबंधित शिकायतों का ऑन-स्पॉट निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। शिविर में निष्क्रिय-अवशिष्ट खातों वाले उपभोक्ता,बैंक खाताधारक जिनके जमा अनक्लेम्ड/डीफ में स्थानांतरित हो चुके है, बैंकिंग उपभोक्ता एवं परिजन जिनके पास डीफ दावों से संबंधित लंबित प्रकरण है का निराकरण किया जाएगा।

### नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर**। शिवनंदनपुर निवासी 15 वर्षीया नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है,किशोरी के परिजनों की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 65(1),79,332, पॉकसो अधिनियम की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# बाघ का शिकार: महिला सरपंच सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाघ का शिकार करने के मामले में वन अधिकारियों ने एक महिला सरपंच सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने आरोपियों से बाघ का नाखून, शरीर के बाल, मूंछ के अधजले बाल एवं करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए तार को बरामद किया है। मामले में अभी आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के शामिल होने की संभावना है जिनकी तलाश चल रही है।

- शिकार में उपयोग किया गया तार, खूंटा, नाखून, शरीर के बाल बरामद
- अब तक नहीं मिले है दांत, आरोपियों की तलाश जारी

तीन दिनों पूर्व सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत घुई रेंज के भैंसामुण्डा सर्किल स्थित धोंधा जंगल में बाघ का शव मिला था। पीएम में बाघ की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई थी। परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर शिकारियों द्वारा घटनास्थल पर हाई वोल्टेज करंट का फंदा लगाने एवं करंट की चपेट में आने से बाघ की मौत होने की संभावना जताई जा रही थी। अपराधियों तक पहुंचने के लिए विभाग ने गुरू घासीदास नेशनल पार्क से स्नीफर डॉग को बुलाया था। बाघ के शव को सूंघने के बाद स्नीफर डॉग दौड़ते हुए सबसे पहले भैसामुण्डा बस्ती में पहुंचा था। इस दौरान डॉग ने भैसामुण्डा निवासी सरपंच सिस्का कुजूर के घर का दो बार चक्कर लगाया था। खोजी कुत्ते से मिले संकेत के आधार पर दूसरे दिन वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से पूछताछ की तो मामले में महिला सरपंच के शामिल होने की जानकारी मिली। वन अधिकारियों ने सरपंच से बाघ का दो नाखून एवं बाल बरामद किया। मामले में महिला सरपंच के पड़ोसी दिनेश कुजूर आ.साल कुजूर एवं अभिषेक रोशन आ.विसुवा कुजूर के शामिल होने की संभावना पर इनके मोबाइल का कॉल डिटेल निकलवाया तो आरोपियों द्वारा ग्राम बरतीकला निवासी भोला प्रसाद आ.पहलू राम शिकार खेलने एवं शिकार में उपयोग किए तार को हटाने के संबंध में बातचीत होने का खुलासा हुआ।



गिरफ्त मे आरोपी व जब्त तार व कटर।

### आधा दर्जन से अधिक आरोपियों की तलाश

वन अधिकारी बाघ का शिकार करने के मामले में अन्य आधा दर्जन आरोपियों के शामिल होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों ने वन्य जीवों का शिकार करने के लिए बड़ी टीम बनाई है। टीम में आसपास के ग्रामीण शामिल हैं। शिकार के लिए फंदा लगाने के पूर्व आरोपी योजना बनाते हैं तथा आपसी समन्वय से अवैध शिकार को अंजाम देते हैं। अभी तक विभाग को बाघ का दांत बरामद करने में सफलता नहीं मिली है। वन अधिकारियों ने 3 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बाघ के अंगों की बरामदगी में सूरजपुर, बलरामपुर, जगदलपुर के वन अधिकारी एवं गुरू घासीदास नेशनल पार्क की डॉग स्क्वायड ने अहम भूमिका निभाई है।

### चल रही तलाश

कॉल डिटेल सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर महिला सरपंच सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों से शिकार में प्रयुक्त तार खुंटा व बाघ के अंगों को बरामद किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

-दुलेश्वर साहू
डीएफओ, सूरजपुर

### बनाई थी शिकार की योजना

वन अधिकारियों ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व ही फोन से बात कर शिकार की योजना बनाने की जानकारी दी। योजना के अनुसार ग्राम कैलाशपुर निवासी रामनाथ आ.जय सिंह, बरती कला निवासी भोला प्रसाद, ग्राम कैलाशपुर निवासी मिथिलेश, ग्राम पनसरा निवासी रामनाथ जुटे तथा जंगली सुअर का शिकार करने के लिए रात में करंट का फंदा लगाया। दूसरे दिन फंदे में फसने से बाघ की मौत होने की जानकारी मिली तो भोला ने दिनेश व अभिषेक को फोन कर तत्काल तार को हटाने के संबंध में पूछताछ की। वन अधिकारियों ने ग्राम बरतीकला निवासी भोला से तार व खूंटा, जबकि तीन अन्य आरोपियों से बाघ की मूंछ के अधजले बाल सहित शिकार में उपयोग किए गए अन्य सामग्रियों को बरामद किया है।



### बेरीकेड्स के दोनों तरफ खड़े होकर की एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी

# कांग्रेस ने घेरा भाजपा कार्यालय जवाब में बीजेपी का भी प्रदर्शन



पुलिस बेरिकेटिंग तोड़ते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ईडी के दुरूपयोग को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान बेरीकेट्स के समीप कांग्रेस ने जमकर नारेबाजी की। इधर कांग्रेस के आन्दोलन के जवाब में भाजपा ने भी कांग्रेस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। बेरीकेट्स के दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और फिर बाद में सोनिया और राहुल गांधी का पतला दहन किया। इस दौरान बीच में पुलिस की टीम दोनों पक्षों को नियंत्रित करने के लिए जूझती नजर आई।

**खास बात**

- स्थिति नियंत्रण करने पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

बता दें नेशनल हेराल्ड केस में न्यायालय के निर्णय के बाद मोदी सरकार के द्वारा ईडी के दुरुपयोग के माध्यम से कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के सुनियोजित प्रयास के विरुद्ध गुरवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। रैली के बाद कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन देते हुए प्रधानमंत्री और सरकार से माफी के साथ ही इस्तीफे की भी मांग की है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा और संघ परिवार प्रारंभ से ही षणयंत्र करके गांधी परिवार को बदनाम करने के प्रयास में लगा रहा है। नेशनल हेराल्ड केस भी इसी की एक कडी है। पूर्व में भी संघ परिवार ने बोफोर्स मामले में राजीव गांधी को बदनाम करने का भरपूर प्रयास किया किंतु इस मामले में कोई तथ्य नहीं निकला। उल्टे राजीव गांधी के द्वारा खरीदी गई बोफोर्स तोप की बदौलत ही बाजपेयी सरकार कारगिल युद्ध जीत पाई। नेशनल हेराल्ड केस के मामले में अदालत का फैसला एकबार फिर साबित करता है कि मोदी सरकार मात्र बदनाम करने के उद्देश्य से ईडी का दुरुपयोग कर रही है। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद खान ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार विपक्ष खासकर राहुल गांधी की बातों को दबाने के लिये ईडी का दुरुपयोग कर रही है। उनका उद्देश्य मात्र इतना ही है कि गांधीपरिवार की आवाज को दबाने से देश में विपक्ष शून्य हो जायेगा। न्यायालय के निर्णय से देश की जनता के सामने स्पष्ट हो गया है कि किस प्रकार मोदी सरकार विपक्ष को समाप्त करने के लिये ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस दौरान 20 सूत्रिय कार्यक्रम क्रियान्वयन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, श्रीमती मधु सिंह, मो इस्लाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा, बलराम यादव, तिलक बेहरा, अमित सिंहदेव, इंद्रजीत सिंह धंजल, डॉ. लालचंद यादव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला कार्यकारणी के सदस्य, कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन के प्रमुख, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा ने फूंका पुतला, कहा-कांग्रेस फैला रही भ्रम

इधर नेशनल हेराल्ड प्रकरण को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन के जवाब में भाजपा ने भी अपना प्रदर्शन किया। घेराव के दौरान बेरिकेट के दूसरी ओर खड़े होकर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद घडी चौक पर सोनिया व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से जुड़ा एक गंभीर भ्रष्टाचार का प्रकरण है। जब-जब कानून अपना काम करता है कांग्रेस सड़कों पर उतरकर दबाव बनाने और भ्रम फैलाने का प्रयास करती है। एजेंसियों पर आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का भाजपा कार्यालय का घेराव करने का प्रयास यह साबित करता है कि वह लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन नहीं करती। कानून के सामने जवाब देने के बजाय कांग्रेस अराजकता फैलाकर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। श्री सिसोदिया ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी कानून के शासन में विश्वास करती है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता अब कांग्रेस की विक्टिम कार्ड राजनीति को पहचान चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस को इसका करारा जवाब मिलेगा। इस अवसर पर महामंत्री अरुणा सिंह, उपाध्यक्षः मधुसूदन शुक्ला, विकास पांडे, निश्चल प्रताप सिंह, रुपेश दुबे, जनेमेजय मिश्रा, अजय सिंह बबलू, सचिन अग्रवाल, शुभांगी बिहाड़े, विकास वर्मा, मयंक जायसवाल, रवि जायसवाल, संजीव वर्मा, निरंजन रॉय, अजय सोनी, अभिषेक सिंहदेव, प्रिया सिंह, आशा शुक्ला, नीलम राजवाड़े, निशांत सिंह सोलू, अनीश सिंह, अभिमन्यु श्रीवास्तव, छोटू थॉमस, गौतम विश्वकर्मा, वीर सोनी, दिव्यांशु केशरी सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## पुलिस व प्रशासन ने जब्त किया सेमर लकड़ी से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

थाना क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई एवं तस्करी के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत सेमर लकड़ी से लोड एक ट्रक को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई युवा कांग्रेस बलरामपुर के जिलाध्यक्ष बृजेश यादव द्वारा 17 दिसंबर को थाना प्रभारी राजपुर को दी गई लिखित शिकायत के बाद की गई।

- तस्कर कर रहे थे लोडिंग, चालक हुआ फरार

शिकायत में बृजेश यादव ने उल्लेख किया था कि राजपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं जिनकी संख्या 20 से अधिक बताई जा रही है। ये तस्कर पेड़ों की कटाई करने वाली मशीनों, ट्रकों और क्रेन के माध्यम से पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार राजपुर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के समीप दो तस्करों द्वारा पेड़ों की कटाई कर ट्रक में लोडिंग की जा रही थी। कटे हुए पेड़ों के अवशेष मौके पर मौजूद पाए गए, जिससे अवैध कटाई की पुष्टि हुई। ट्रक क्रमांक बीआर 02 जीडी 4830 में अवैध रूप से काटी गई लकड़ी लोड की गई थी, मौके पर एक क्रेन भी मौजूद था जिसका चालक कार्रवाई के दौरान फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। फिलहाल जब्त किए गए ट्रक को राजपुर थाना में सुपुर्द कर दिया गया है।

इस संबंध में एसडीएम राजपुर देवेंद्र प्रधान ने बताया कि पेड़ कटाई के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी भूमि पर भी पेड़ों की कटाई के लिए सक्षम से अनुमति आवश्यक होती है। बिना अनुमति की गई कटाई को अवैध माना जाता है। एसडीएम ने बताया कि तहसीलदार से अवैध पेड़ कटाई के प्रकरण का प्रतिवेदन मंगाया गया है तथा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो युवकों से मारपीट करने वाले वाले दो नाबालिग सहित सात आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर**। मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में तीन दिन पूर्व दो युवकों को किराए के मकान से निकाल कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े युवकों में दो नाबालिग और एक पार्षद पुत्र भी शामिल है।

पुलिस के मुताबिक मंगल पाण्डेय वार्ड खटीक पारा निवासी राहुल सोनवानी आ. पन्नेलाल सोनवानी (22 वर्ष) ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 15 दिसंबर की रात वह अम्बेडकर वार्ड दर्रीपारा विकास साहू के यहां लिए अपने किराए के मकान में दोस्तों के साथ था। उसी समय आरोपी पहुचे और किराए के रूम में घुसकर जातिगत गाली गलौज करने लगे। साथ ही आरोपियों ने राहुल व शुभम रवि को जान से मारकर फेंक देने की धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल कर पास झाडी मे लें गए एवं हाथ मुक्का व ईट पत्थर, डंडे व चाकू से मारपीट करने लगें। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 127(2), 190, 191(2), 191(3), 296, 331(8), 351(3) के तहत तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद ही मामले में शामिल राजा साहू उर्फ संजय आ. रौनिक साहू 32 वर्ष, उदय साहू आ.बलराम साहू 22 वर्ष, रोशन सोनी आ. कामता सोनी 22 वर्ष, आकाश यादव आ.छोटू यादव 20 वर्ष, विशाल साहू आ. सूर्य प्रकाश साहू 27 वर्ष एवं अन्य दो नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने अपना जुर्म कबूल किया।

## सर्पदंश से ग्रामीण की गई जान परिजन ने सांप को बनाया था बंधक

**अम्बिकापुर**। ओड़गी अंतर्गत ग्राम सावारावा निवासी हीरा सिंह आ. देवधारी (32 वर्ष) 12 दिसंबर को खेत में काटे गए धान को लेकर पैदल घर के समीप खलिहान में लेकर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में उसके पैर मे जहरीले सांप ने डंस लिया। सांप के डंसने पर शोर मचाने लगा। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को रस्सी में बांध झेलगी में रख दिया। परिजन हीरा सिंह को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सर्पदंश पीड़ित ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉल्लेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गत दिन ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन ने बताया कि बांध कर रखे सांप भी एक दिन बाद किसी तरह रस्सी से छुटकर भाग निकला।



### शराब तस्करों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर**। जिला आबकारी कार्यालय के कंट्रोल रूम से प्रतिदिन गस्त कार्य कर अवैध मदिरा पर प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। ग्राम चिरमी में मध्यप्रदेश राज्य से तस्करी कर गोवा व्हिस्की बिक्री किए जाने की सूचना मुखबिर से आबकारी अधिकारी सपना सिन्हा को मिली। उन्होंने तत्काल चिरमी गांव में दबिश दी, मौके पर राजनाथ सिंह नाहक युवक को गोवा व्हिस्की का पाव बिक्री करते पकड़ा गया, आरोपी के पास 12 पाव गोवा व्हिस्की के जब्ती किए गए, उसके विरूद्ध छग आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर बैकुंठपुर न्यायालय में पेश किया गया है।

### जिन्हें नहीं मिला मुआवजा उनकी जमीन प्रभावित करने का आरोप

# एनएच निर्माण से पहले जमीन की नाप-जोख को लेकर विवाद की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

एनएच 343 निर्माण शुरू होने से पहले ही विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी है। निर्माण के पूर्व अपने मकान और दुकानों के प्रभावित होने की आशंका पर स्थानीय लोगों ने प्रशासन और विभाग पर मनमानी और गडबडी का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि जिन लोगों को मुआवजा दिया गया है उनकी जमीन को विभाग छोड़ रही है जबकि जो इस दायरे से बाहर है उनकी जमीन जानबूझकर नापी जा रही है। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। निर्माण शुरू होने से पहले जिला मुख्यालय के अस्पताल चौक से मुख्य मार्ग से दोनों और नाप जोक का कार्य ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा कुछ दिन पहले किया गया था। इस दौरान लोगों ने गलत नाप जोख करने का आरोप लगाकर फिर से नपाई की मांग की थी। ऐसे में बुधवार को फिर से तहसीलदार सुनील गुप्ता की उपस्थिति में आरआई, पटवारी, पुलिस टीम ने फिर से एनएच पर निर्माण कार्य हेतु चिन्हांकन किया। चिन्हांकन के दौरान नगर के बीच से गुजरने वाली एनएच की सड़क पर दोनों ओर लोगों के मकान और दुकान प्रभावित हो रहे है। इधर लोगों का कहना है कि एनएच विभाग द्वारा नगर में सिर्फ कुछ लोगों को ही मुआवजा बात गया है और जिन लोगों ने मुआवजा लिया है उनकी जमीन भी निर्माण में प्रभावित नहीं हो रही है जबकि जिन्हें मुआवजा नहीं दिया गया है उनकी जमीन जानबूझकर नापी जा रही है। शहर के बीच में हाईवे को सीधा करने की वजह से एक तरफ लोगों की जमीन जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि नगर के अंदर की सड़के जैसी है वैसा ही दोनों तरफ बराबर निर्माण कर करना चाहिए। शहर के अंदर सड़क सीधी नहीं हो पाएगी जबकि हाईवे के रूल में सड़के सीधी करनी है। लोगों का कहना है कि अस्पताल चौक से हाईवे का निर्माण होना था लेकिन अब अस्पताल चौक से 200 मीटर आगे से आगे से निर्माण हो रहा है जबकि उसके पीछे से लोगों को मुआवजा बांटा गया है। कुछ लोगों का आरोप है कि कुछ पहुंच वाले लोग नेशनल हाईवे विभाग के साथ मिल करके अपने घर जमीन बचाने के चक्कर में सड़के को दाएं बाएं कर रहे हैं जो नियम के विरुद्ध है। लोगों एन मांग पूर्ण नहीं होने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी है।

इस संबंध में तहसीलदार बलरामपुर सुनील गुप्ता जी ने बताया कि पूर्व में नेशनल हाईवे निर्माण के लिए जितने जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा वितरित किया गया था उतनी ही जमीन को हम लोगों द्वारा सही तरीके से मार्किंग किया गया है और मार्किंग उपरांत नेशनल हाईवे को सड़क निर्माण कार्य के लिए सौंपा गया है। अधिकृत भूमि से किसी की भी ज्यादा जमीन नहीं ली गई है लोगों द्वारा लगाया जा रहे आरोप बेबुनियाद है।




जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### रविन्द्र भारती बने युवा मोर्चा प्रदेश टीम में खेल व कला प्रमुख

**अंबिकापुर।** लम्बे इन्तेजार के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



राहुल टीकरिहा ने प्रदेश टीम की घोषणा की है। प्रदेश की कार्यकारिणी में सूरजपुर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती को भी शामिल किया गया है। रविन्द्र भारती को युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रदेश खेल व कला प्रमुख बनाया गया। इसके साथ ही पार्टी ने जिला मंत्री देव गुप्ता को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष रह चुके यशवंत प्रताप सिंह को जिला महामंत्री बनाया है। वहीं जिला मंत्री रह चुके रूपेंद्र कुशवाहा को महामंत्री का नया दायित्व सौपा गया। जिले की ओर से सचिन तायल और मुकेश साहू को प्रदेश कार्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। इन घोषणा से क्षेत्र में हर्ष का विषय है।

### आकाश बने युवा मोर्चा में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य

**राजपुर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल को युवा मोर्चा के प्रदेश टीम में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। आकाश



अग्रवाल ने अपने राजनैतिक करियर की शुरुआत अभाविप से की थी। इसके साथ ही वे समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से काम कर रहे है। अशोक अग्रवाल कंबल वितरण एवं भंडारा आयोजनों के लिए क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं, जिसके चलते उन्हें लोग स्नेहपूर्वक कंबल और भंडारा मैन के नाम से जानते हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है।

### मो. शमीम बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष मो मखमूर इकबाल के सहमति एवं



भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के मार्गदर्शन में कुसमी निवासी मो. शमीम को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मो. शमीम के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा पदाधिकारी सहित सामरी क्षेत्र वासियों में हर्ष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर मो.शमीम ने कहा कि भाजपा संगठन ने जो मुझे अल्पसंख्यक मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है उसे पूरे निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। भाजपा की नीति रीति एवं केंद्र, राज्य शासन द्वारा दी गई योजनाओं को धरातल तक ले जाकर जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

### स्कायरिच हायर सेकेंडरी स्कूल में मातृ सम्मेलन




**डांड़गांव।** स्कायरिच हायर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर में मातृ सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती राधा रवि, विशिष्ट अतिथि श्रीमती राई मुनिया करियाम, श्रीमती कल्पना भदोरिया, श्रीमती शुभ्रा सिंह, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती शांति राजवाड़े, श्रीमती कृतिका सिंह,श्रीमती प्रमिला पोर्ते, श्रीमती शीला अग्रवाल, श्रीमती सविता गुप्ता, सहित अन्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप मंत्र के साथ मंगल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य राम प्रसाद गुप्ता ने मातृ सम्मेलन के मुख्य विषय शिक्षा, बालक के सर्वांगीण विकास, आचार विचार तथा भावनाओं को स्थिति, मां की अहम भूमिका, परिवार कुटुंब में संस्कारक्षम वातावरण निर्माण सहित अन्य बिंदुओं को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं परिजन उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 21 को

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 21 दिसम्बर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया




जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, डॉ.विकास गोयल रक्त रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।

## बरसात में कीचड़ से तो अब धूल व जर्जर सड़क ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# 20 साल बाद भी नहीं हुई रजपुरी कला से कटकोना सड़क की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रजपुरीकला

बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई। बरसात के मौसम में जहां क्षेत्र के लोग कीचड़ से परेशान थे वहीं अब धूल व जर्जर सड़क से हलकान हो गए है। ऐसे में अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले लगभग 20 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिली है। आलम यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क से क्षेत्र के लोगों को नहीं मिली मुक्ति

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और जैसे ही बरसात खत्म होता है तो सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है। सड़क के जर्जर तथा धूल के गुबार उड़ने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती ही है साथ ही क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत अमेरा खदान क्षेत्र से कटकोना–पुहपूटरा–सिरकोतंगा – रजपुरी मार्ग एनएय 130 जोड़ने वाली मार्ग की बदहाली पिछले कई वर्षों से है।

सड़क की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बनी हुई है। वर्ष 2006–07 में एसईसीएल द्वारा अमेरा खदान संचालन के साथ ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद लगभग 20 वर्षों में आज तक दोबारा मरम्मत की गई जिससे सड़क की हालत दिनों दिन और भी खराब हो जा रही है। बारिश के दिनों में कीचड़ तो सूखा मौसम में धूल व जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।



एनएच को जोड़ने वाली जर्जर सड़क।

### तीन गांव को जोड़ती है सड़क

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### जिम्मेदारी से झाड़ रहे पल्ला

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क मरम्मत की जिम्मा एसईसीएल का है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन बार-बार कहने के बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। जब क्षेत्र के ग्रामीण ने प्रबंधन से संपर्क किया, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि सड़क मरम्मत का मुद्दा सरकारी विभाग का है। जबकि प्रशासन इसे एसईसीएल की जिम्मेदारी बताकर खुद को अलग कर लेता है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि सड़क की मरम्मत कौन कराएगा।

#### सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण हुए 20 साल से अधिक हो गए है। न तो सड़क की मरम्मत हो सकी और न ही नए सिरे से सड़क निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण बारिश का पानी एकत्र हो जाते है जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। पूर्व में भी कई बार सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में गांव के लोग आंदोलन करेंगे।

#### कलेक्टर की ओर से नहीं मिला है पत्र

सड़क मरम्मत कराने के संबंध में कलेक्टर की ओर से कोई लिखित पत्र नहीं मिला है।अगर लिखित पत्र आता है तो एसईसीएल के मरम्मत मद से त्वरित गति से रोड बनवाया जाएगा।

-संजय सिंह, जीएम अमेरा क्षेत्रीय प्रबंधक

#### अपने स्तर से कर रहे प्रयास

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा मुख्य मार्ग के जर्जर होने पर अपने स्तर से कोशिश कर रहे है। जल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

-स्वेच्छा सिंह, जनपद सीईओ लखनपुर

## दुनिया में भारत ऐसा देश है जिसे भारत माता का दर्जा दिया गया : अभय राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांड़गांव

- डांड़गांव में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर डांड़गांव हायरसेकंडरी स्कूल परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां भव्य शोभा यात्रा के साथ हजारो हिंदुओ ने हिंदू सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचारक अभय राम ने कहा कि पूरे दुनिया में भारत देश ऐसा है जहां भारत को राष्ट्र माता के रूप में माना जाता है और भारत माता का जयकारा लगाया जाता है।




एक माता जो जन्म देती है और दूसरी माता जिसके गोद में हम पलते बढ़ते हैं वह भारत माता हैं। विभिन्न संस्कृति होने के बाद भी विभिन्नता में एकता भारत की विशेषता है। महान विचार स्वामी विवेकानंद के साथ सुभाष चंद्र बोस सहित अन्य वीरो की यह भारत भूमि हैं। यहाँ सनातन संस्कृति एंव परंपरा आज भी विद्यमान है। जिला सह संघचालक देवनारायण यादव ने कहा कि भले हमारी रहन सहन वेशभूषा अलग अलग है लेकिन हम सब हिंदू हैं सनातन धर्म मानने वाले हैं। दुनिया में सबसे पहले सनातन धर्म आया जिसके हम सब अनुवाई हैं। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान हेमंत नाग, रामप्रसाद गुप्ता, कृपा शंकर शुक्ला, गेरे राम, रन साय, आनंद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, पवन सांधे, दुर्गेश सांधे, कोमल चंद जायसवाल, महेश मरावी, मोहन सिंह, प्रधान सिंह, बसंत यादव, अखण्ड विधायक सिंह, राधा रवि, जिया लाल, दीपक सिंघल, बुध मोहन सिंह, विशाल सिंह, अजित राजवाड़े, ब्रिज राज यादव, शिवशंकर पैकरा, दुमलेश्वर पैकरा, लखन राजवाड़े राहुल जायसवाल, करम साय महेश विश्कर्मा, दुष्यंत सिंह सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 15वें वित्त की जिला विकास निधि का भुगतान अटका, सरपंचों में आक्रोश

**प्रतापपुर।** विकासखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की जिला विकास निधि मद से स्वीकृत कार्यों का भुगतान करीब दो वर्षों से लंबित होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सरपंचों व जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ शासन के योजना आयोग अध्यक्ष रामसेवक पैकरा को पत्र लिखकर लंबित भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित पंचायतों द्वारा नियमानुसार कार्य पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र एक वर्ष पूर्व ही जिला पंचायत में जमा कर दिया गया था, बावजूद इसके आज तक भुगतान नहीं किया गया है। इससे पंचायत प्रतिनिधियों को आर्थिक और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन कार्यों का भुगतान लंबित बताया गया है, उनमें ग्राम पंचायत बरपटिया में सतीकोनहा बांध का गहरीकरण, बनखेता तालाब का गहरीकरण, बरदोहर तालाब की साफ-सफाई शामिल है। वहीं ग्राम पंचायत अमनदोन में तहसील प्रांगण में हाट-शेड निर्माण, ग्राम पंचायत डुलदुली में ट्यूबवेल खनन व तालाब का गहरीकरण, घाटपेण्डारी तालाब की साफ-सफाई एवं गहरीकरण, गोरगी में हैंडपंप खनन तथा ठोड़ामाड़ापारा में ट्यूबवेल खनन कार्य शामिल हैं। सरपंचों ने कहा कि 15वें वित्त की राशि ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। तालाब गहरीकरण, जलस्रोत निर्माण और पेयजल व्यवस्था जैसे कार्य सीधे ग्रामीणों से जुड़े हैं। भुगतान अटकने से न सिर्फ पंचायतों की साख प्रभावित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों में भी नाराजगी बढ़ रही है। सरपंचों ने लंबित भुगतान जारी करने की मांग की है।

#### जानकारी लेता हूं

अभी नया आया हूं और लंबित भुगतान के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में जानकारी लेता हूं।

-अनिल तिवारी
जनपद सीईओ



## कसलगिरी विद्यालय में पीएम पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत किया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करवां

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया।

न्यौता भोज कार्यक्रम विद्यालय के प्रधान पाठक बद्री प्रसाद एक्का के ससुर शोभन लकड़ा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया था। उन्होंने अपना जन्मदिन पूरे परिवार के साथ विद्यालय पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। गीत, कविता और छोटे-छोटे संवादों के माध्यम से बच्चों ने पोषण, शिक्षा और स्वच्छता का संदेश दिया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। न्योता भोज में पुलाव, पूड़ी, दाल, मिक्स सब्जी, मटर पनीर पापड़ और सलाद स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों को परोसा गया। अतिथियों ने बच्चों के साथ पंगत में बैठकर भोजन मंत्र का उच्चारण कर भोजन ग्रहण किया। पौष्टिक संतुलित एवं स्वादिष्ट भोजन ग्रहण करने की खुशी बच्चों के चेहरों पर साफ झलक रही थी। संकुल प्राचार्य श्रीमती मीरा सिंह ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह योजना बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास, स्कूल में नियमित उपस्थिति तथा सीखने की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को स्कूल से जोड़ने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी न्यौता भोज और अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस दौरान मोइनुद्दीन अंसारी, रविशंकर सोनी, हरक साय एक्का,बहादुर राम राजवाडे, केवल साय राजवाड़े, श्रीमती आराधना सिंह, बिरेंद्र राजवाड़े, मनोज राजवाड़े, विश्वनाथ अगरिया, कुलन राजवाड़े, शमा बेगम, नंदकिशोर कुशवाहा, प्रभावती पैकरा, कवल साय सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।












## खबर संक्षेप

### विधायक की पहल पर मिली कुंदी-करवां सड़क निर्माण की स्वीकृति



**राजपुर।** सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा की पहल पर विकासखंड के राजपुर-प्रतापपुर मार्ग के किमी 11 से कुन्दी करवां पहुंच मार्ग (व्हाया पहाड़पारा) तक कुल 3.10 किलोमीटर लंबाई की सड़क के निर्माण हेतु 4 करोड़ 75 लाख 2 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव द्वारा विकास कार्यों की दी गई सौगात से लोगों में उत्साह का माहौल है। विधायक श्रीमती पैंकरा ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क निर्माण से न केवल ग्रामीणों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से ग्रामीणों को बाजार, विद्यालय, अस्पताल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में समय और संसाधनों की बचत होगी। यह सड़क क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी जिसे लगातार शासन स्तर पर उठाया जा रहा था। प्रदेश सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मांग को स्वीकार कर क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। ग्रामीणों ने भी सड़क स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में इस मार्ग से गुजरना बेहद कठिन हो जाता था।

### सीनियर सिटीजन फोरम ने गर्भवती महिलाओं को किया कंबल वितरित



**अम्बिकापुर।** फोरम के अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल के मार्गदर्शन पर उपाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल की अगुवाई में फोरम के सदस्यों ने जिला अस्पताल के प्रसुति वार्ड में भर्ती महिलाओं, शिशुओं एवं उनके परिजनों को कंबल एवं गरम टोपे वितरित किए। फोरम द्वारा हर वर्ष किए जाने वाले इस कार्य की अस्पताल प्रबंधन एवं स्टाफ ने काफी सराहना की। इस अवसर पर फोरम के संरक्षक महेन्द्र सिंह बग्गा, कोषाध्यक्ष राम कुमार अग्रवाल, सहसचिव पीएस द्विवेदी, हाजी मो.रफीक खान, रमेंद्र सिंह, अशोक अग्रवाल आदि ने अपने हाथ से जरूरतमंदों को कंबल एवं टोपे वितरित किए। शाम 3.30 बजे फोरम की नियमित मासिक बैठक शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रोशन लाल अगव्राल के आमंत्रण पर उनके चठिरमा स्थित फार्महाउस पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव आईबी तिवारी ने किया। बैठक में अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल, उपाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, जगदीश राय केडिया, रामचंद्र अग्रवाल, संरक्षक महेन्द्र सिंह बग्गा, नरसिंह दास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार, सह सचिव पीएस द्विवेदी वरिष्ठ सदस्य घनश्याम अग्रवाल, गरीब राम अग्रवाल, रमेंद्र सिंह, केपी दीक्षित आदि उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला के स्कूली बच्चों को किया गया स्वेटर वितरण



**भैयाथान।** ठंड के मौसम को देखते हुए प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस के सहयोग से विकासखंड भैयाथान के कुछ प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटर वितरण का अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 40 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 1200 छात्र–छात्राओं को स्वेटर वितरित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्राथमिक शाला खाड़ापारा, दानौली, संस्कृत विद्यालय केवरा भैयाथान एवं प्राथमिक शाला खाड़ापारा में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। वहीं दूसरे दिन कुसमुसी क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश पाठक की उपस्थिति में पांच से अधिक विद्यालयों के लगभग 150 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किया गया। इस दौरान रामदेव कुशवाहा, वीरेंद्र पैकरा, शिवशंकर सिंह, ईश्वर पैकरा,पीके सिंह सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## निधन

### भोला ठाकुर



**रामचंद्रपुर।** क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी भोला ठाकुर का गुरूवार को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ रह रहे थे। गुरूवार को सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांसे लीं। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को कुशा नाला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में स्नेही व स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

### हरीश श्रीवास्तव



**अम्बिकापुर।** शहर के केदारपुर भट्ठी रोड निवासी हरीश श्रीवास्तव का 18 दिसम्बर को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के दौरान रायपुर स्थित अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे वन विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। 19 दिसंबर को स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे योगेश श्रीवास्तव के बड़े भाई एवं रितेश श्रीवास्तव और हितेश श्रीवास्तव के पिता थे।

## उपार्जन केंद्रों में लगा धान का अंबार

# सरगुजा की 97 समितियों में बफर लिमिट से डेढ़ गुना अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी शुरू हुए एक महीना पूरा हो गया है लेकिन न तो अभी एग्रीस्टेक में सभी किसानों का पंजीकरण हो पाया है न ही उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान का उठाव ही शुरू हो सका है। एक तरफ किसान अपनी उपज बेचने टोकन के लिए संघर्ष कर रहे हैं दूसरी तरफ समितियों में धान का अंबार लग गया है। जल्द संग्रहित धान का उठाव नहीं किया गया तो भविष्य में खरीदी पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**

- एक महीने में मात्र 1 फीसदी धान का उठाव, खरीदी पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव

धान की कटाई-मिसाई पूरी होने के बाद अब किसान जल्द से जल्द अपनी उजप बेचने की कोशिशे कर रहे है। बड़ी संख्या में किसान हर दिन अपनी उपज बेचने उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे हैं। इस बार पंजीकृत किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है इसके बावजूद दो हजार से अधिक किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। धान खरीदी में भी तेजी आई है लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इस बार काफी कम धान खरीदी किया गया है। एकीकृत सरगुजा के सभी पांच जिलों में पंजीकृत 219841 किसानों में से मात्र 47101 किसान 2538162 क्विंटल धान बेच सके है। पिछले वर्ष इस अवधि में 67438 किसानों का 3272270 क्विंटल धान खरीदा गया था। पिछले वर्ष की तुलना में कम खरीदी होने के बावजूद उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित क्षमता से काफी अधिक धान संग्रहित हो गया है। उपार्जन केंद्रों में कम जगह होने के कारण खरीदे गए धान को रखने की जगह नहीं बची है किसानों व समिति कर्मचारियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मार्कफेड ने राइसमिलरों के माध्यम से धान का उठाव शुरू करा दिया है लेकिन धान उठाव की रफ्तार धीमी होने के कारण समस्या बढ़ते जा रही है। इधर उपार्जित धान का उठाव नहीं होने के कारण अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक मार्कफेड को शीघ्र धान का उठाव करने लगातार पत्र लिख रहा है। स्थिति से समिति प्रबंधक भी नाराज है तथा उठाव में विलम्ब होने पर सूखत की मात्रा बढ़ने की संभावना बता रहे हैं।



समिति में जाम धान।

### 97 केंद्रों में धान जाम

सरगुजा एवं सूरजपुर में 54-54 जबकि बलरामपुर में 49 कुल 159 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 97 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक खरीदी होने के कारण धान का अंबार लग गया है। सरगुजा एवं बलरामपुर में मिलरों ने धान का उठाव शुरू कर दिया है लेकिन उठाव की धीमी रफ्तार के कारण अब तक खरीदे गए धान का 1 फीसदी ही उठाव हो सका है। सूरजपुर में अभी धान उठाव की शुरूआत नहीं हो सकी है। जिस गति से धान का उठाव चल रहा है निकट भविष्य में धान जाम होने की समस्या निर्मित हो सकती है। क्षमता से अधिक धान जमा होने के कारण सरगुजा अंतर्गत पेटला, चांदो, लखनपुर, जमगला, कुन्नी, खम्हरिया, ससौली, सुखरी सहित अन्य 26 उपार्जन केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं बची है। इसी तरह बलरामपुर जिलान्तर्गत उपार्जन केन्द्र बिरेन्द्र नगर, तातापानी, बड़का गांव, चांदो, बलंगी, डीपाडीह, डूमरपान, जमड़ी सहित अन्य 48 एवं सूरजपुर अंतर्गत शिवप्रसाद नगर, चंदरपुर, गोविन्दपुर पोड़ी, रेवटी, देवनगर आदि उपार्जन केंद्रों की हालत खराब हो गई है। उपार्जन केंद्र शिवप्रसाद नगर में 33526 क्विंटल, वीरेंद्र नगर में 20864 क्विंटल एवं पेटला में 24606 क्विंटल धान का अंबार पड़ा है।

### पंजीयन के इंतजार में 3 हजार से अधिक किसान

एकीकृत सरगुजा के 3163 किसानों का अभी तक एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो सका है। ऐसे किसान टोकन टोकन के लिए लगातार सहकारी समितियों एवं तहसील कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। एग्रीस्टेक पंजीयन के अभाव में ऐसे किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। स्थिति से प्रभावित किसान हतोत्साहित हैं। किसानों का कहना है कि लगातार कार्यालयों का चक्कर लगाने के बावजूद उनका पंजीयन नहीं हो सका है। ऐसे में किसान अपना धान बेचने को लेकर परेशान हैं। जल्द पंजीयन नहीं हुआ तो इन किसानों को अपनी उपज बेचने में समस्या हो सकती है।

### किया जा रहा पत्राचार

समय पर धान का उठाव नहीं होने से भविष्य में खरीदी प्रभावित हो सकती है। स्टॉक अधिक होने के कारण समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। धान उठाव के लिए मार्कफेड से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
विपणन अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक





## आवारा कुत्तों से बढ़ते रैबीज के खतरे पर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर के निर्देशन एवं जिपं सीईओ के मार्गदर्शन में उप-संचालक एवं जनपद सीईओ द्वारा जिले के सभी छह जनपद पंचायतों में घुमंतू कुत्तों के कारण बढ़ते रेबीज के खतरे को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अधिकारियों को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एसओपी के पालन पर जोर देते हुए मुख्य उद्देश्य घुमंतू कुत्तों के कारण बढ़ते रेबीज के खतरे को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई । कार्यशाला के दौरान चिन्हित परिसरों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में कड़ाई से पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यशाला में जनपद स्तर के अधिकारी, पंचायत सचिव, प्रतिनिधि और संबंधित पशुधन विकास विभाग के अधिकारी के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नगर के घुमंतू कुत्तों का किया गया रैबीज टीकाकरण

**लखनपुर।** नगर पंचायत में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या एवं रेबीज रोग की रोकथाम के उद्देश्य से पशु चिकित्सालय लखनपुर में आवारा कुत्तों का बधियाकरण एवं रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान में भोजन उपलब्ध कराने वाले नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान डॉ. सफदर अली खान एवं उनकी टीम द्वारा 3 नर एवं 1 मादा कुत्तों की बधियाकरण की गई। सर्जरी के पश्चात सभी कुत्तों को रेबीज का टीका एवं कृमिनाशक दवा दी गई। पहचान सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक कुत्ते के दाएं कान पर वी आकार का निशान बनाया गया। बधियाकरण के बाद कुत्तों की देखभाल हेतु भोजन उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों को 4 दिनों की दवाइयां प्रदान की गईं। नगर पंचायत एवं पशु चिकित्सालय की टीम द्वारा कुत्तों की निरंतर निगरानी भी की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने बताया कि भविष्य में नगर पंचायत द्वारा केयर शेल्टर भवन तथा पशु चिकित्सालय में ऑपरेशन थिएटर का निर्माण किया जाएगा। पशु चिकित्सक डॉ. सफदर अली खान ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करना, रेबीज रोग की रोकथाम तथा कुत्तों के काटने की घटनाओं में कमी लाना है, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में लोग एवं पशु दोनों सुरक्षित रह सकें।



## कल्याणपुर गांव में हिंदू महासंगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



हिंदू जन जागरण समिति मंडल कल्याणपुर के तत्वाधान में हिंदू महासंगम का आयोजन शिव मंदिर मैदान कल्याणपुर में आयोजित किया गया,संघ के शताब्दी वर्ष पूरा होने के अवसर पर मंडल स्तर हिंदू महासंगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है,आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित कर हिन्दुओं को एकजुट करना है,हिंदू महासंगम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज के द्वारा हिंदू महासंगम का आयोजन हिंदू समाज में समरसता का भाव प्रकट करने व अपनी संस्कृति,परंपरा के प्रति गौरवान्वित करने का मुख्य उद्देश्य है, इस प्रकार के आयोजन देश के प्रत्येक मंडल,नगर बस्ती पर देखने को मिल रहा है,हिंदू धर्म जिसे हम सनातन धर्म के नाम से जानते हैं,परिवर्तन के पांच बिंदु सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाज अपने जीवन में आत्मसात करें,समिति के अध्यक्ष डॉ संतोष प्रधान ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदू समाज को सारे भेद भूलकर मूल हिंदुत्व की भावना को जीवन में धारण करना होगा,अतिथि रूप में आये डॉ ओमप्रकाश सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि धर्म का शाब्दिक अर्थ धारण करना होता है,जैसे श्री राम जी ने आदर्श,मर्यादा को धारण किया इसी प्रकार समाज को भी ऐसा जीवन को धारण करना चाहिए,कार्यक्रम में सभी समाज के प्रमुखो,मंदिर पुजारी, गांव के बैगाओ को समिति ने आमंत्रित कर शॉल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया,जिसमें जायसवाल समाज से मुरारी जायसवाल, गुप्ता समाज से संजय गुप्ता,कोलता समाज से दुष्टी देव, कंवर समाज से पवन साय पैकरा,गोंड़ समाज से विश्वनाथ सिंह,बरगाह समाज से साजनाथ,कुम्हार समाज से लक्ष्मण प्रजापति,ब्राह्मण समाज से इंद्रदेव शुक्ला, यादव समाज से मोहर लाल यादव,नाई समाज से देवचन्द ठाकुर,सुनार समाज से जगदीश सोनी,लोहार समाज से जगरनाथ अगरिया, वसोर समाज से अवल साय,चिकवा समाज से बंटेश्वर चौहान,कसेर समाज से जोखु कांस्यकार,पंडो समाज से रुप प्रसाद पंडो,गायत्री परिवार से मनीराम भोय,मंदिर पुजारी बसंत राम राजवाड़े,वैद्य जगदीश सिंह एवं अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे, सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में कर्मा लोक नृत्य एवं सुआ लोक नृत्य के अलग-अलग दल ने अपना जोरदार प्रदर्शन किया जो पूरे कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रह,अंतिम में इन्हें सम्मान हेतु सम्मान निधि के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया,मंच का संचालन खुलेश्वर राजवाडे. ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समिति के अमरनाथ पैकरा, विजय जायसवाल, ठाकुर पैकरा, दशरथ राजवाड़े, शिशुपाल, विनोद वैष्णव, संतोष गुप्ता, दीपेंद्र दुबे, विनोद जायसवाल, उपेंद्र,बाबूलाल शाह, ननकू राजवाड़े, धन कुमार पैकरा, ईश्वर सिंह, हीराधन राजवाड़े एवं अन्य सक्रिय रहे।

### युवा गौ भक्तों ने पेश की गौ सेवा की अनुकरणीय मिसाल

**रामानुजगंज।** नगर में युवा गौ भक्तों द्वारा की जा रही गौ सेवा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते 15 दिनों से रेस्ट हाउस रोड स्थित अभिषेक जायसवाल के निवास के सामने एक गाय गंभीर रूप से बीमार अवस्था में बैठी हुई थी। कमजोर हालत के कारण वह खड़ी होने में असमर्थ थी। इसी दौरान बीमार गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया, जिससे उसकी स्थिति और भी चिंताजनक हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, गाय की हालत को देखते हुए मोहल्ले के लोगों ने तत्काल उसकी देखरेख शुरू की। युवा गौ भक्त बिट्टू चौबे ने नवजात बछड़े की सेवा और देखभाल की जिम्मेदारी संभाली। बछड़े को नियमित रूप से दूध, चारा और आवश्यक देखरेख दी जा रही है, परंतु उसके समय से पूर्व जन्म लेने कारण काफी कमजोर जिससे उसकी मौत हो गई। बीमार गाय का उपचार स्थानीय स्तर पर कराया गया। कई दिनों तक इलाज के बावजूद जब गाय खड़ी नहीं हो सकी। जिस पर मोहल्ले के युवाओं ने बांस का सहारे गाय को खड़ा रखने की व्यवस्था की। इस नवाचार से गाय को कुछ राहत मिली है और उसका इलाज लगातार जारी है। मोहल्ले के लोग भी अपनी-अपनी ओर से चारा, पानी और दवाइयों की व्यवस्था कर रहे हैं।

## नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में आसिफ ने हासिल की सफलता



**अंबिकापुर।** नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में सरगुजा के आसिल अली ने बड़ी सफलता हासिल की है। आसिफ ने रीनोउंड शूटर का खिताब हासिल किया है। बता दें कि नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्यप्रदेश के भोपाल में 11 से 31 दिसम्बर तक 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान 50 मीटर पीप साइट रायफल मेन वर्ग में आसिफ अली ने 600 में 596 अंक लाकर रीनोउंड शूटर का खिताब हासिल किया है। बहुत ही कम संसाधन होते हुए सरगुजा से आसिफ अली ने यह उपलब्धि प्राप्त किया है। खिताब जीतने के बाद आसिफ अली ने कहा कहा कि अगर हमें प्रशासन से सहयोग प्राप्त हो तो हम अपने जिला, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करना चाहते हैं हमारी प्राथमिक मांग प्रशासन से है कि हमें शूटिंग रेंज की व्यवस्था प्रदान की जाए।

## ईसा मसीह की झांकी के साथ मसीही समाज ने निकाला विशाल जुलूस, किया नगर भ्रमण



**सीतापुर।** ईसाई आदिवासी समाज के नेतृत्व में मसीही समाज ने ईसा मसीह की झांकी के साथ विशाल जुलूस निकाला। आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ केन मेमोरियल स्कूल सूर ने निकली यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए सीतापुर पहुंची जहां नगर के मुख्य चौक चौराहों के साथ नगर का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा वापस सूर जाकर समाप्त हुई। इस संबंध में ईसाई आदिवासी महासभा के अध्यक्ष बिगन राम ने बताया कि यह आयोजन विधानसभा स्तरीय था। इस आयोजन का उद्देश्य ईसा मसीह के जन्मदिन से पूर्व एक दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का था। इस कार्यक्रम में पूरे विधानसभा क्षेत्र से सभी चर्च के अनुयायी आये हुए थे। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ मिलकर क्रिसमस की बधाई दी। इस दौरान पूरे विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

## एथलेटिक प्रतियोगिता में अर्चना ने प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान



**सीतापुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय की छात्रा अर्चना तिग्गा ने तवा फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अर्चना ने एथलेटिक में प्रथम स्थान हासिल करते हुए महाविद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके टोप्पो ने इस उपलब्धि के लिए अर्चना को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। अर्चना ने यह उपलब्धि अपने अथक परिश्रम कड़ी मेहनत एवं कुशल मार्गदर्शन के बदौलत हासिल की है। क्रीड़ा अधिकारी धीरज मिश्रा ने बताया कि इस सफलता के पीछे अर्चना ने अनुशासित होकर कड़ी मेहनत की थी जिसका परिणाम उसे प्रदेश में पहला स्थान के रूप में प्राप्त हुआ। अर्चना की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## पहाड़गांव को पर्यटन स्थल बनाने न्यायाधीश व प्रशासनिक टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- मूलभुत सुविधाओं का आंकलन कर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध करने विभागीय अधिकारीयों को दिए गये आवश्यक निर्देश



जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सूरजपुर मानवेंद्र सिंह, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहाड़गांव का गुरुवार को निरीक्षण किया, यह दौरा केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि क्षेत्र को आर्थिक और पर्यटन दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल माना जा रहा है, निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की हरियाली,पहाड़ों से घिरी प्राकृतिक संरचना और बीचो-बीच स्थित मनोहारी झील का अवलोकन किया, अधिकारियों ने माना कि पहाड़गांव में मौजूद प्राकृतिक संसाधन,शांत वातावरण और सुंदर दृश्यावलियां पर्यटकों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करने की क्षमता रखती हैं,यदि इन संसाधनों का सुनियोजित विकास किया जाए तो यह क्षेत्र आने वाले समय में जिले का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है,कलेक्टर एस जयवर्धन ने हाल ही में शुरू की गई नौका विहार सुविधा का विशेष रूप से निरीक्षण किया,उन्होंने इसे पहाड़गांव पर्यटन स्थित झील में बोटिंग की सुविधा बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र बताया,कलेक्टर ने स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए इस स्थल को एक सुव्यवस्थित पिकनिक स्पॉट,नेचर पार्क और वीकेंड टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के सुझाव दिए,निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अमले ने स्थल तक पहुंचने वाली सड़कों,पार्किंग व्यवस्था रोशनी, सुरक्षा,स्वच्छता और पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया,अधिकारियों ने माना कि सड़क मार्ग को और बेहतर बनाकर,संकेतक बोर्ड, बैठने की व्यवस्था,स्वच्छ शौचालय और जलपान गृह जैसी सुविधाएं विकसित की जाएं,तो पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है,एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सुरक्षा व्यवस्था,यातायात नियंत्रण और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था और ट्रैफिक मैनेजमेंट होने से पर्यटकों को सुरक्षित और सुखद अनुभव मिलेगा,उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी,निरीक्षण दल में पर्यटन विभाग के अधिकारी, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे,सभी ने मिलकर पहाड़गांव को एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विचार-विमर्श किया,उन्होंने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि पहाड़गांव न केवल सूरजपुर जिले बल्कि पूरे सरगुजा संभाग के लिए एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण के रूप में उभरे,निरीक्षण के बाद यह संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले समय में पहाड़गांव में पर्यटन विकास को लेकर ठोस और दूरगामी निर्णय लिए जाएंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736